# प्रेस विज्ञप्ति

## आईआईटी भुवनेश्वर 12वें और 13वें संयुक्त दीक्षांत समारोह के आयोजन के लिए तैयार

### *मुख्य अतिथि के रूप में माननीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान जी बढ़ाएंगे कार्यक्रम की शोभा*

**भुवनेश्वर, 27 दिसंबर 2024:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भुवनेश्वर 28 दिसंबर 2024 को अपने 12वें और 13वें संयुक्त दीक्षांत समारोह का आयोजन करने के लिए पूर्णत: तैयार है। इस अवसर की पूर्व संध्या पर आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रो. श्रीपाद करमलकर ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

इस दीक्षांत समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए भारत सरकार के माननीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे और दीक्षांत भाषण देंगे। इसके साथ ही इस अवसर पर, प्रो. अजय कुमार सूद (प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, भारत सरकार), डॉ. अजीत कुमार मोहंती (अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग और सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार), और प्रो. अभय करंदीकर (सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार) विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज करेंगे। इस दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता आईआईटी भुवनेश्वर के अधिशासी मंडल (बीओजी) के माननीय अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद सिंह जी करेंगे। इस अवसर पर, संस्थान के माननीय निदेशक प्रो. श्रीपाद करमलकर दीक्षांत रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे और छात्रों को डिग्रियां प्रदान कर सम्मानित करेंगे।

इस दीक्षांत समारोह के दौरान, संस्थान शैक्षणिक सत्र 2022-23 और 2023-24 के 1388 छात्रों को डिग्रियां प्रदान करेगा। इनमें से 8% छात्र पीएचडी, 19% छात्र एम.टेक, 14% छात्र एम.एससी, 14% छात्र दोहरी डिग्री (बी.टेक और एम.टेक), और 45% छात्र बी.टेक की डिग्री प्राप्त करेंगे।

दीक्षांत समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को निम्नलिखित पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

**राष्ट्रपति स्वर्ण पदक:**

2022-23: श्री हर्ष सिंह जादौन (कंप्यूटर विज्ञान और अभियांत्रिकी) को बी.टेक. बैच में सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए।

2023-24: श्री अर्णव कुमार बहेरा (कंप्यूटर विज्ञान और अभियांत्रिकी) को बी.टेक. बैच में सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए।

**निदेशक स्वर्ण पदक – सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक प्रदर्शन:**

**दोहरी डिग्री (बी.टेक + एम.टेक):**

2022-23: कंप्यूटर विज्ञान और अभियांत्रिकी शाखा के श्री मनीष कौशिक एच.

2023-24: सिविल इंजीनियरिंग शाखा के श्री सुभाजीत बनर्जी

**एम.टेक:**

2022-23: मेटालर्जिकल एंड मटीरियल्स इंजीनियरिंग विषय की सुश्री प्रसादिनी महाराणा

2023-24: स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग विषय के श्री प्रतीक गोस्वामी

**एम.एससी:**

2022-23: गणित शाखा के श्री अनंथा कृष्ण बी

2023-24: भौतिकी शाखा के श्री कॉलिन जैकब

**संस्थान सिल्वर मेडल्स - विभिन्न शाखाओं में सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक प्रदर्शन:**

**बी.टेक.:**

2022-23: श्रीमती जीतिका पाटंगिया, श्री हर्ष सिंह जादौन, श्री प्रज्वल कुमार साहू, श्री अलहरी साई नागामनु, श्री चीकेला साशांक और श्री गौरव भारद्वाज एस. के.

2023-24: श्रीमती पेरिसेट्टी श्री श्रीव्या, श्री अर्णव कुमार बेहेरा, श्री संबित पाल, श्री अर्श पांडे, श्री कान्हु चरण प्रधान और श्री नाइनी कमल

**दोहरी डिग्री:**

2022-23: श्री प्रियांश कुमार निगम, श्री मनीष कौशिक एच., श्री कार्तिक तिवारी और सुश्री पुषादापु सुस्मिता

2023-24: श्री सुशांत कुमार, सुश्री सिद्धार्थिनी नायक, श्री अरका  पाल और श्री सुभाजीत बनर्जी

**एम.टेक.:**
2022-23: श्री मिर्जा रहीम हसन, श्री एन.वी.एस.एस.के. सुमन, श्री पर्वतम राजिथ भार्गव, श्री तमिलसेल्वन सी, श्री बीनिश रेयाज और श्रीमती प्रसदीनी महाराणा
2023-24: सुश्री साई सुष्मा आर., श्री ललित लोहानी, श्री आदर्श कुमार नायक, श्री राज कमल, श्री वनापार्थी रोहित, श्री प्रतीक गोस्वामी और श्री अजित भरतवाज एल. आर.

**एम.एससी.:**
2022-23: सुश्री अनन्या सेन, श्री एस. एस. सोहम मोहंती, सुश्री सोहली साधुखान, श्री आनंद कृष्णा बी. और श्री आदर्श पी. मैथ्यू

2023-24: सुश्री दीप्ति दहिया, सुश्री शीतल सामल, सुश्री स्वाति चक्रवर्ती, श्री शुभो घोष और श्री कॉलिन जैकब

**एंडोमेंट अवार्ड्स:**

सर्वश्रेष्ठ पुरुष स्नातक के लिए डॉ. के. कस्तूरीरंगन पुरस्कार

2022-23: श्री हर्ष सिंह जादौन

2023-24: श्री अर्णव कुमार बेहरा

सर्वश्रेष्ठ महिला स्नातक के लिए प्रो. पी. रामाराव पुरस्कार

2022-23: सुश्री जीतिका पतंगिया

2023-24: सुश्री आयुषी काबरा

मैकेनिकल विज्ञान में सर्वश्रेष्ठ बी.टेक थीसिस के लिए दिनेश मेमोरियल अवार्ड

2022-23: सुश्री चौहान मधु गणेशसिंह

2023-24: श्री. वर्धन मित्तल

सर्वश्रेष्ठ बी.टेक थीसिस के लिए बी.के. डे मेमोरियल पुरस्कार

2022-23: श्री कमंडलम साई हर्षित और सुश्री चौहान मधु गणेशसिंह

2023-24: श्री वर्धन मित्तल और श्री प्रवेंद्र पटेल

विद्युत और कंप्यूटर विज्ञान में सर्वश्रेष्ठ बी.टेक थीसिस के लिए तेजस्वी मेमोरियल अवार्ड

2023-24: श्री मुशिनि अक्षय

आईआईटी भुवनेश्वर के माननीय, निदेशक, प्रो. श्रीपाद करमलकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उपरोक्त जानकारी साझा की और कहा, "यह स्नातक छात्रों, उनके माता-पिता, संस्थान के शिक्षकों, कर्मचारियों और प्रशासन के लिए गर्व का क्षण है। संस्थान शिक्षा, शोध और उद्यमिता में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है। हमें यह विशेष सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि माननीय केंद्रीय शिक्षा मंत्री और देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के तीन शीर्ष नीति निर्माताओं ने इस अवसर पर उपस्थित होने और स्नातक छात्रों को प्रेरित करने की सहमति दी है।"

इस अवसर पर अन्य के अलावा, प्रो. शांतनु पाल, डीन-अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम्स; प्रो. चंद्रशेखर एन. भेड़े, डीन-पीजी एवं रिसर्च प्रोग्राम्स और श्री बामदेव आचार्य, कुलसचिव भी उपस्थित थे और मीडिया के प्रतिनिधियों के सवालों का जवाब दिया।

-----------------